## महत्वपूर्ण एवं खास

### जिले में 833.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़ ।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 14 सितम्बर तक 833.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 25.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 857.9 मिली मीटर, पुसौर में 980.4, खरसिया में 761.2, सारंगढ़ में 901.4, बरमकेला में 732.1, घरघोड़ा में 805.5, तमनार में 739.2, लैलूंगा में 833.6 तथा धरमजयगढ़ तहसील में 888 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में हिन्दी माध्यम के पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु शिक्षकों से 17 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़ ।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरसिया, रायगढ़, पुसौर, बरमकेला, सारंगढ़, तमनार, लैलूंगा, घरघोड़ा एवं धरमजयगढ़ हेतु स्वीकृत व्याख्याता जीवविज्ञान (हिन्दी माध्यम), व्याख्याता गणित (हिन्दी माध्यम), व्याख्याता वाणिज्य(हिन्दी माध्यम), व्याख्याता सामाजिक अध्ययन एवं शिक्षक विज्ञान/गणित (हिन्दी माध्यम) के पदों पर प्रतिनियुक्ति हेतु जिले में कार्यरत शासकीय विद्यालयों के इच्छुक व्याख्याता एवं शिक्षक 17 सितम्बर 2021 तक अपना सहमति पत्र, वरिष्ठता सूची अथवा नियुक्ति आदेश (नव नियुक्त व्याख्याता/शिक्षक) के साथ आवेदन जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के अंग्रेजी माध्यम शाखा में जमा कर सकते है।

### पसान रेंज में हाथियों का उत्पात जारी

**कोरबा ।** जिले के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। 35 की संख्या में यहां डेरा डाले उत्पाती हाथियों ने सोमवार की रात एक बार फिर पसान सर्किल अंतर्गत ग्राम अमझर व पोड़ीकला में पहुंचकर फिर एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों की फसल रौंद दी। हाथियों का दल शाम होते ही यहां पहुंचा और उत्पात मचाना शुरू कर दिया। इस दौरान हाथियों ने किसानों के खेतों और बाड़ी में लगे मक्का, भुट्टा व धान के पौधों को तहस-नहस कर दिया। हाथियों के उत्पात मचाए जाने की सूचना पर वन विभाग का अमला रात में ही मौके पर पहुंचा और उत्पाती हाथियों को खदेड़ने की कार्यवाही की।

### कोयला लोड मालवाहक में लगी आग

**कोरबा (आरएनएस)।** एसईसीएल की कुसमुंडा माइंस से कोयला लेकर निकले एक मालवाहक में अचानक आग लग गई। उपरी हिस्से में आग लगने के साथ अजीब स्थिति निर्मित हो गई। चालक को जानकारी मिलने पर उसने सूझबूझ से काम लिया। सूचना दिए जाने पर रेस्क्यूटीम और अग्निशमन की टीम मौके पर पहुंची। उन्होंने जरूरी प्रयास करने के साथ हाईवा में लगी आग को नियंत्रित करने का प्रयास किया। माना जा रहा है कि पहले से ही लोड किये गए कोयला में आग लगी रही होगी, जो हवा के संपर्क में आने के साथ बढ़ गई। इससे पहले कुसमुंडा के स्टॉक में आग लगे होने का सिलसिला काफी लंबा हो चुका है। इस घटनाक्रम से कंपनी को लंबी चपत लग चुकी है। यह बात अलग है कि एसईसीएल कोयला स्टॉक को आग से मुक्त करने की कोशिश नहीं कर सका है।

# भूमिहीन श्रमिकों के पंजीयन के लिए गांवों में कराए मुनादी- कलेक्टर

**» कलेक्टर सिंह ने ली साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक**



**रायगढ़ ।** राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के तहत जिले के भूमिहीन श्रमिक परिवारों का पंजीयन किया जाना है। इसके लिए पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। गांवों में मुनादी कराकर पात्र लोगों को योजना का लाभ लेने पंजीयन करवाने हेतु प्रेरित करें। उक्त बातें कलेक्टर भीम सिंह ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देशित करते हुये कहा कि पंचायतवार जानकारी गांव में उपलब्ध कराकर योजना के अंतर्गत पात्र लोगों का पंजीयन करें। इसके लिए उन्होंने पहले कराये सर्वे के आधार पर तैयारी सूची के आधार पर भी लोगों का पंजीयन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने जिले में चल रहे गिरदावरी कार्य की विकासखण्डवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि फील्ड में हुए गिरदावरी की ऑनलाईन एन्ट्री भी साथ-साथ करते चले। उन्होंने किसानों के राजीव गांधी किसान न्याय योजना में पंजीयन की प्रगति की भी जानकारी ली। कम संख्या में पंजीयन होने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि किसानों का उनके फसल व रकबे के अनुसार तेजी से पंजीयन करें।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने जिला अस्पताल, एमसीएच व चपले में चल रहे ऑक्सीजन प्लांट इंस्टालेशन कार्य के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ ने बताया कि जिला अस्पताल में प्लांट कमीशन कर लिया गया है तथा चपले में कमीशनिंग का कार्य जारी है। इन स्थानों पर मेनीफोल्ड लगाने का कार्य भी चल रहा है। एमसीएच में प्लांट लगाने के लिए सिविल वर्क पूरा कर लिया गया है। इंस्टालेशन के लिए टेक्नीकल टीम के आने के पश्चात कमीशनिंग का कार्य भी कर लिया जाएगा। कलेक्टर सिंह ने अस्पतालों के अपग्रेडेशन के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अस्पतालों में उपलब्ध विभिन्न प्रकारों की जांच सुविधाओ का पैथालॉजी लैब की तर्ज पर पैकेज बनाने के निर्देश दिए। जिससे कि लोग अपनी रूटिन जांच भी यहां आ कर करवा सके। उन्होंने हाट-बाजार क्लीनिक का शेड्यूल अनुसार संचालन के निर्देश दिए व सभी एसडीएम को इसकी नियमित रूप से निरीक्षण के लिए कहा। साथ ही हाट-बाजार क्लीनिक के लिए लगाए गए डेडीकेटेड वाहन में खराबी आने पर दूसरे वाहन की व्यवस्था करते हुए क्लीनिक लगाने के लिए कहा। ताकि उस दिन हाट-बाजार में पहुंचे मरीजों को इलाज का लाभ मिल सके।

कलेक्टर सिंह ने राज्य के अन्य हिस्सों में हो रही बारिश व बाढ़ को देखते हुये जिले में भी सभी संबंधित विभागों को अपनी व्यापक तैयारी रखने के निर्देश दिए। ताकि जिले में भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर राहत व बचाव कार्य तत्काल शुरू किया जा सके। उन्होंने बारिश से यदि फसल क्षति होती है तो उसकी जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश कृषि विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सिंह ने गोधन न्याय योजना अंतर्गत गौठानों में गोबर खरीदी व वर्मी कम्पोस्ट निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने अभियान चलाकर गौठान जहां वर्मी कम्पोस्ट टांको में तैयार है उसकी पैकेजिंग कर सहकारी समितियों में भंडारण करवाने के निर्देश दिए। जिले में निर्माणाधीन गौठानों का काम जल्द पूरा करने के लिए भी उन्होंने निर्देशित किया।

कलेक्टर सिंह ने ई-नामांतरण के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में चबूतरा निर्माण हेतु दिए गए प्रस्ताव की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि खरीदी केन्द्रों में उठाव व भंडारण के अनुसार चबूतरों का निर्माण किया जाए। इसके लिए उन्होंने केन्द्रों चबूतरों की संख्या का निर्धारण कर कार्य आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

बैठक में एडीएम राजेन्द्र कटारा, नगर निगम आयुक्त एस.जयवर्धन, डीएफओ धरमजयगढ़ मणिवासगन एस, डीएफओ रायगढ़ प्रणय मिश्र, सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल, अपर कलेक्टर आर.ए.कुरूवंशी, सहायक कलेक्टर प्रतीक जैन, सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के लिए 10 और 24 अक्टूबर को होगी परीक्षा

**» 23 और 30 सितंबर तक लिए जाएंगे ऑनलाइन आवेदन**

**रायगढ़।** प्रदेश के नर्सिंग महाविद्यालयों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षाओं का कार्यक्रम घोषित हो गया है। छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा तिथि की घोषणा कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए परीक्षा 10 अक्टूबर 2021 को और एमएससी नर्सिंग तथा पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा 24 अक्टूबर 2021 को होगी। इन परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है।

व्यावसायिक परीक्षा मण्डल से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीएससी नर्सिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर निर्धारित की गई है। एमएससी और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 सितंबर तक लिए जाएंगे। आवेदन पत्रों में त्रुटि-सुधार के लिए भी समय-सीमा निर्धारित कर दी गई है। बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पत्रों में त्रुटि-सुधार 24 से 26 सितंबर तक किया जा सकेगा। एमएससी और पोस्ट बेसिक नर्सिंग प्रवेश परीक्षाओं के लिए आवेदन पत्रों में त्रुटि-सुधार एक से तीन अक्टूबर तक ही हो सकेगा। बीएससी नर्सिंग की प्रवेश परीक्षा के लिए दो अक्टूबर को प्रवेश पत्र जारी होंगे।

# सरगुना जंगल में शराब बनाते आरोपी गिरफ्तार

**» आरोपी से 60 लीटर महुआ शराब व शराब बनाने के पात्र जब्त**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन पर दिनांक 13/09/2021 को डोंगरीपाली पुलिस द्वारा अवैध शराब बनने के स्थान पर घेराबंदी कर एक व्यक्ति को शराब बनाते हुये रंगे हाथों पकड़ा गया है। आरोपी के कब्जे से तैयार किया हुआ 60 लीटर महुआ शराब एवं शराब बनाने के पात्र गंज सिल्वर जप्त किया गया है।

जानकारी के अनुसार दिनांक 13/09/2021 को थाना प्रभारी डोंगरीपाली को सूचना मिला कि एक व्यक्ति सरगुना जंगल मंजूरपाली में अवैध रूप से महुआ शराब ब्रिकी करने के लिये बना रहा है। सूचना की तस्दीक के डोंगरीपाली थाने के कुछ स्टाफ सादी में जंगल की घेराबंदी कर सुनियोजित तरीके से मौके पर रेड कार्रवाई किये। पुलिस टीम को एक व्यकित शराब बनाते मिला जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम लम्बोदर साहू उर्फ खिकराम पिता स्व. बन्धुलाल उम्र 45 वर्ष साकिन मंजूरपाली



थाना डोंगरीपाली जिला रायगढ़ का रहने वाला बताया , जिसके कब्जे से एक मोटर ट्यूब में भरा करीब 55 लीटर एवं एक सफेद रंग के प्लास्टिक जरीकेन 05 लीटर क्षमता वाली में भरा करीबन 05 लीटर कुल जुमला 60 लीटर महुआ शराब कीमती 6,000 /- रूपये एवं एक गंज सिल्वर का कीमती करीबन 1,000 रूपये के साथ पकड़े। आरोपी लम्बोदर साहू उर्फ खीकराम का कृत्य धारा 34(2),59 (क) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर रिमांड पर भेजा गया है। थाना डोंगरीपाली के सहायक उप निरीक्षक रामकुमार मानिकपुरी, आरक्षक जगजीवन जोल्हे, संतराम कंवर, गजानंद पटेल, दरथलाल सिदार की सराहनीय भूमिका रही है।

# बिजली बिल हॉफ योजना से रोशन हो रहे घर, जिले के उपभोक्ताओं को 53.67 करोड़ की मिली छूट

**रायगढ़।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए अधिक बिजली बिल बड़ी समस्या बनी हुई थी। अधिक बिजली बिल के कारण उपभोक्ताओं को बिल भुगतान में लेटलतीफी के साथ ही कनेक्शन कटने जैसी परेशानियों से जुझना पड़ता था। लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है, यह सब राज्य सरकार की बिजली बिल हॉफ योजना के कारण संभव हो पाया। आज उपभोक्ता कम बिजली बिल आने से समय पर भुगतान करने के साथ ही पैसे की बचत कर पा रहे है। यही कारण है कि आज जिले के हर घर बिजली से रोशन हो रही है।

राज्य सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एवं माध्यम वर्गीय परिवार की बिजली बिल के माध्यम से आने वाली आर्थिक बोझ को कम करने के लिए 1 मार्च 2019 को बिजली बिल हॉफ योजना की शुरूआत किया गया था। योजनांतर्गत उन सभी घरेलू उपभोक्ताओं को उनकी 400 यूनिट प्रतिमाह खपत सीमा तक बिजली बिल की राशि पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है। जिससे अब बिजली बिल आधा हो गया और आर्थिक बोझ कम।

शासन की इस महत्वांकाक्षी योजना का लाभ रायगढ़ जिले के आर्थिक रूप से कमजोर एवं माध्यम वर्गीय परिवार के उभोक्ताओं को भी मिल रहा है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि रायगढ़ जिले में कुल 2 लाख 52 हजार 987 घरेलू उपभोक्ता है। इस योजना के तहत ऐसे उपभोक्ता जिनका बकाया राशि निरंक है, उनको लाभ दिया जा रहा हैं। जिले में बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 2019-20 में 01 लाख 65 हजार 434 उपभोक्ताओं को 2564.07 लाख, 2020-21 में 2 लाख 2 हजार 207 उपभोक्ताओं को 2132.26 लाख रूपए तथा 2021-22 में 01 लाख 15 हजार 695 उपभोक्ताओं को 670.87 लाख की छूट प्रदान की गई। इस प्रकार योजना के प्रारंभ से अब तक कुल 2 लाख 2 हजार 207 उपभोक्ताओं को 5367.20 लाख रूपए की छूट प्रदान की गई हैं। इससे उपभोक्ताओं को राहत मिला और आर्थिक रूप से संबल भी हुए। योजना के माध्यम से उपभोक्ता बचत पैसे का उपयोग अन्य आवश्यक कार्यो में कर रहे हैं।

ग्राम नंदेली के हरिलाल चौधरी का कहना हैं कि पहले बिजली बिल प्रतिमाह 600-700 रूपए आता था, लेकिन योजना का लाभ मिलने से बिजली बिल आधा होकर 300 रूपए प्रतिमाह हो गया। जिससे साल में 3 से 4 हजार की बचत हो रही है। ग्राम कुल्बा निवासी श्रीमती मोगराबाई पटेल ने बताया कि उनके घर में बिजली बिल 800 से 900 रूपए प्रतिमाह आता था। योजना के लाभ मिलने से यह घटकर 400 से 450 हो गया है। अब बिल से बचत पैसे का उपयोग वे अन्य घरेलू कार्यो में करती है। इसी प्रकार लैलूंगा निवासी नबोर टिर्की बताते है पहले घर का बिजली बिल 1200 से 1500 रूपए तक आता था। बिजली बिल हॉफ योजना के प्रारंभ होने और लाभ मिलने से प्रतिमाह 700-800 रूपए तक बिजली बिल आता है।

# दिवंगत शिक्षाकर्मियों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति के संबंध में अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित

**» समिति एक माह में प्रस्तुत करेगी रिपोर्ट**

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के पालन पर राज्य सरकार द्वारा दिवंगत शिक्षाकर्मियों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति के लिए पात्रता का परीक्षण कर सुझाव और सेवा शर्तें निर्धारित करने के लिए अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु पिल्ले की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति का गठन कर दिया गया है। समिति में स्कूल शिक्षा सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह एवं आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास एवं सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डी.डी. सिंह को सदस्य बनाया गया है। गठित समिति सभी मामलों पर विचार कर रिपोर्ट और सुझाव एक माह के भीतर प्रस्तुत करेगी।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिवंगत शिक्षाकर्मियों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति के प्रकरणों की समीक्षा और उनके निराकरण के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री के निर्देश के परिपालन में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय (महानदी भवन) नवा रायपुर से समिति गठन का आदेश जारी कर दिया है।

# एक दर्जन से अधिक नाबालिगों व ड्रिंक-इन-ड्राइव करने वालों पर हुई कार्रवाई

**» नाबालिगों के प्रकरण में 5-5 व ड्रिंक-इन-ड्राइव पर 10-10 हजार का न्यायालय से हुआ जुमार्ना**

**» सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने व दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिये यातायात पुलिस चला रही विशेष अभियान**

**रायगढ़।** एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं डीएसपी ट्राफिक पुष्पेन्द्र बघेल के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने एवं दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से सयातायात पुलिस द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले एवं नाबालिक वाहन चालकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया



जा रहा है। डीएसपी ट्राफिक पुष्पेन्द्र बघेल बताये कि विशेष अभियान के तहत ट्राफिक पुलिस की टीमें शहर के भीतर नाबालिक वाहन चालकों पर तथा हाइवे एवं प्रमुख मार्गों पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई कर रही है। पिछले चार दिनों में यातायात थाने से 15 नाबालिगों एवं 04 ड्रिंक-इन-ड्राइव मामले में इस्तगाशा माननीय न्यायालय में पेश किया गया था, जिसमें माननीय न्यायालय द्वारा नाबालिक के प्रत्येक प्रकरण में 5,000-5,000 रुपए एवं शराब पीकर वाहन चलाते पकड़े गये मामलों में 10,000-10,000 रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। जल्द ही और मामलों का इस्तगाशा तैयार कर न्यायालय पेश किया जावेगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई यातायात पुलिस जारी रखेगी।

# उद्योगों में सुरक्षा मानकों के पालन का करें नियमित निरीक्षण-कलेक्टर भीम सिंह

**» कलेक्टर सिंह ने श्रम, समाज कल्याण एवं औद्योगिक सुरक्षा विभाग की संयुक्त बैठक ली**

**रायगढ़।** कलेक्टर भीम सिंह ने आज समाज कल्याण, श्रम, औद्योगिक सुरक्षा विभाग की संयुक्त बैठक ली। बैठक में कलेक्टर सिंह ने औद्योगिक सुरक्षा विभाग को उद्योगों में सुरक्षा मानकों के नियमित निरीक्षण करने व लापरवाही करने वालों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने समाज कल्याण व श्रम विभाग द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। जिससे पात्र हितग्राहियों को योजना की जानकारी मिले तथा वे इसका लाभ ले सके।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने समाज कल्याण विभाग की विभागीय गतिविधियों



की समीक्षा करते हुये योजनाओं के प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर सिंह द्वारा वृद्धावस्था पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, निःशक्त पेंशन योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना जैसे पेंशन योजनाओं की समीक्षा कर पेंशन के हितग्राहियों के भुगतान की स्थिति की जानकारी समाज कल्याण विभाग के अधिकारी से ली। बताया गया कि नियमित रूप से पेंशन भुगतान किया जा रहा है। साथ ही कलेक्टर सिंह ने स्वावलंबन मास की समीक्षा की एवं सामर्थ्य विकास, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों की मोटराईज्ड ट्रायसायकल, बैशाखी ट्रायसायकल, व्हील चेयर, वाकर, श्रवण यंत्र, स्मार्ट फोन, ब्लाईड स्टिक जैसे सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु किए जा रहे सर्वे की समीक्षा की। उन्होंने दिव्यांगों को प्रदान किए जाने वाले उपकरणों की व्यवस्था के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने औद्योगिक सुरक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने उद्योगों में बढ़ती दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों में लगे उपकरणों के संचालन के दौरान आवश्यक सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं इसकी नियमित जांच करें। इसके अलावा उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत व निवासरत लोगों के स्वास्थ्य जांच के लिए समय-समय पर मेडिकल कैम्प लगाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने बैठक में श्रम विभाग के आवेदन एवं लंबित प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय योजनाओं के धीमे क्रियान्वयन पर गहरी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित कर अधिक से अधिक पात्र लोगों को उसका लाभ देना विभाग का प्राथमिक दायित्व है। अतः सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित किया जाए जिससे लोग योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करें। उन्होंने प्रमुख रूप से विश्वकर्मा दुर्घटना मृत्यु, अंत्येष्टि सहायता योजना एवं प्रसूति सहायता योजना के तहत संगठित व असंगठित श्रमिकों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480